बैठक आयोजित

जासं, लखनऊ : उत्तर प्रदेश में नई सरकार के आने के बाद से राज्य में नये सिरे से विकास परियोजनाओं में दिये जा रहे ध्यान से बुनियादी सुविधाओं के विकास में भी तेजी आयेगी, और पहले से ही स्मॉर्ट सिटी परियोजना, एक्सप्रेस वे, फ्लाईओवर और अन्य कई परियोजनाओं के चलते राज्य में स्टील उद्योग की मांग बढ़ रही है। इन तमाम प्रयासों से स्टील उद्योग को मौजूदा राज्य सरकार से काफी उम्मीदें है।

कार्यक्रम में कामधेनु के सुनील अग्रवाल ने बताया कि स्टील उद्योग की मांग बढ़ने से अप्रत्यक्ष रूप से राज्य के युवाओं के लिए रोजगार के रास्ते भी खुल रहे है। अपने उत्पाद कामधेनु एनएक्सटी को बेहतर रिसर्च का परिणाम बताते हुए कहा कि राज्य सरकार की परियोजनाओं कॉन्क्रीट रिइनफोर्स्ड ढांचों जैसे पुल, फ्लाईओवर, बांध, थर्मल व हाइडल प्लांट, इंडस्ट्रियल टावर, अंडरग्राउंड प्लैटफॉर्म्स के साथ निजी क्षेत्र की आवासीय कम्पनियों को लाभ होगा।